**Bharat Taxi Organises Free Full-Body Health Check-up Camp for Sarathis in Surat**

**Seven-day health initiative organised in association with Swarsangya Charitable Trust and Shalby Multispeciality Hospital**

**Surat, Gujarat | 26 August 2026**

Bharat Taxi – Bharat Ki Apni Taxi is organising a free full-body health check-up camp for its Sarathis in Surat **in association with Swarsangya Charitable Trust and Shalby Multispeciality Hospital, Surat**. The seven-day initiative will be held from 27 August to 2 September 2026 and will benefit 200 cab and auto Sarathis associated with Bharat Taxi.

The health check-ups will be conducted at Shalby Multispeciality Hospital, Surat, from 9:00 AM to 12:00 noon every day during the camp period. Participating Sarathis will be able to undergo a full-body health check-up free of cost. Snacks for the Sarathis will also be provided by Bharat Taxi during the camp.

Sarathis spend long hours on the road every day, often leaving them with limited time to focus on their own health. The initiative is intended to encourage regular health screening and greater awareness about preventive healthcare among the Sarathi community.

Speaking about the initiative, Bharat Taxi Management said, *"Sarathis are at the heart of Bharat Taxi. While we work to create better earning opportunities for them, their health and well-being are equally important. Through this health camp, organised in association with Swarsangya Charitable Trust and Shalby Multispeciality Hospital, we want to make quality preventive healthcare more accessible to our Sarathis. We hope to take up more such welfare initiatives for the Sarathi community in the coming months."*

The health camp is part of Bharat Taxi's wider focus on Sarathi welfare and reflects its cooperative philosophy of **"Sarathi Hi Maalik"**, under which Sarathis are members of the cooperative and have a stake in its growth.

Gujarat has emerged as an important market for Bharat Taxi. As of 23 August 2026, the platform had more than 1.11 lakh registered Sarathis in Gujarat, comprising 34,022 cab Sarathis, 53,378 auto Sarathis and 24,604 bike Sarathis. The state also had 8.80 lakh registered Bharat Taxi customers.

Across its operations, Bharat Taxi has 9 lakh registered Sarathis, with cumulative earnings of Sarathis through the platform standing at ₹90.53 crore.

The Surat health camp is part of Bharat Taxi's efforts to go beyond mobility and earnings and support the overall welfare of its Sarathis. Bharat Taxi plans to undertake similar initiatives for its Sarathi community in association with healthcare institutions, charitable organisations and other partners.

---

**About Bharat Taxi**

Bharat Taxi (Sahakar Taxi Cooperative Limited) is a multi-state cooperative society of Sarathis built on the principles of fair earnings, shared ownership, and dignified livelihoods for drivers. The platform is supported by leading national cooperative institutions, including NCDC, IFFCO, GCMMF (Amul), KRIBHCO, NAFED, NABARD, NDDB, and NCEL.

Inspired by the vision of "Sahakar se Samriddhi," which means shared prosperity through cooperation, Bharat Taxi aims to build a mobility system in which drivers are not just service providers but also partners in the platform they power

भारत टैक्सी द्वारा सूरत में सारथियों के लिए निःशुल्क फुल बॉडी हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन

स्वरसांग्या चैरिटेबल ट्रस्ट और शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय स्वास्थ्य पहल

सूरत, गुजरात | **26 अगस्त 2026**

भारत टैक्सी – भारत की अपनी टैक्सी, स्वरसांग्या चैरिटेबल ट्रस्ट और शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सूरत के सहयोग से अपने सारथियों के लिए निःशुल्क फुल बॉडी हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन कर रही है। सात दिवसीय यह स्वास्थ्य शिविर 27 अगस्त से 2 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिससे भारत टैक्सी से जुड़े 200 कैब और ऑटो सारथियों को लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सूरत में की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले सारथियों का फुल बॉडी हेल्थ चेक-अप निःशुल्क किया जाएगा। शिविर के दौरान सारथियों के लिए भारत टैक्सी की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था भी की जाएगी।

सारथी प्रतिदिन लंबे समय तक सड़कों पर रहते हैं, जिसके कारण कई बार उन्हें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। इस पहल का उद्देश्य सारथियों को नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए प्रोत्साहित करना और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस पहल के बारे में भारत टैक्सी प्रबंधन ने कहा, "सारथी भारत टैक्सी के केंद्र में हैं। हम उनके लिए बेहतर कमाई के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और कल्याण को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानते हैं। स्वरसांग्या चैरिटेबल ट्रस्ट और शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हमारा प्रयास गुणवत्तापूर्ण निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को अपने सारथियों के लिए अधिक सुलभ बनाना है। आने वाले महीनों में हम सारथी समुदाय के लिए ऐसी और कल्याणकारी पहल करने की उम्मीद करते हैं।"

यह स्वास्थ्य शिविर सारथियों के कल्याण पर भारत टैक्सी के व्यापक फोकस का हिस्सा है और "सारथी ही मालिक" के सहकारी सिद्धांत को दर्शाता है। इसके तहत सारथी सहकारी संस्था के सदस्य हैं और उसकी प्रगति में उनकी हिस्सेदारी है।

गुजरात भारत टैक्सी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभरा है। 23 अगस्त 2026 तक गुजरात में 1.11 लाख से अधिक सारथी पंजीकृत थे, जिनमें 34,022 कैब सारथी, 53,378 ऑटो सारथी और 24,604 बाइक सारथी शामिल हैं। राज्य में भारत टैक्सी के 8.80 लाख पंजीकृत ग्राहक भी हैं।

देशभर में भारत टैक्सी के साथ 9 लाख सारथी पंजीकृत हैं। प्लेटफॉर्म के माध्यम से सारथियों की कुल कमाई ₹90.53 करोड़ तक पहुंच चुकी है।

सूरत में आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर भारत टैक्सी के उस प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत मोबिलिटी और कमाई के अवसरों से आगे बढ़कर सारथियों के समग्र कल्याण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। भारत टैक्सी स्वास्थ्य संस्थानों, चैरिटेबल संगठनों और अन्य भागीदारों के सहयोग से अपने सारथी समुदाय के लिए भविष्य में भी इस तरह की पहल करने की योजना बना रही है।

---

भारत टैक्सी (सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड)

सारथियों (ड्राइवरों) की एक बहु-राज्यीय सहकारी संस्था है, जिसकी स्थापना न्यायसंगत आय, साझा स्वामित्व और ड्राइवरों के सम्मानजनक जीवनयापन के सिद्धांतों पर की गई है। यह मंच देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं के सहयोग एवं समर्थन से संचालित है, जिनमें नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NCDC), इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (KRIBHCO), नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (NAFED), नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD), नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) तथा नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NCEL) शामिल हैं।

"सहकार से समृद्धि" के विज़न से प्रेरित भारत टैक्सी एक ऐसे मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ड्राइवर केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म के भागीदार और सह-स्वामी भी हों। संस्था का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से सारथियों को आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर अवसर और दीर्घकालिक समृद्धि प्रदान करना है।